Title: Need to provide telephone services in Karauli district, Rajasthan.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सवाई माधोपुर (राजस्थान) के अंतर्गत करौली जिले का अधिकांश भाग डांग क्षेत्र है जहां घने जंगल एवं पहाड़ी भाग हैं । एक तरफ से चम्बल नदी के बीहड़ होने के कारण आवागमन एवं दूरसंचार की व्यवस्था अत्यन्त दयनीय है। आधुनिक संचार सुविधा के विस्तार की प्रतिदिन योजनाएं लागू की जा रही हैं । यह क्षेत्र दुर्गम तथा अभावग्रस्त तो है ही साथ में दस्यु प्रभावित होने की वजह से आम जनता में भी भय बना रहता है। यहां के नागरिक आज तक रेल के साथ-साथ टेलीफोन सुविधा से भी वंचित हैं। करौली जिला आजादी के 54 र्वा के बाद भी दूरसंचार की सुि वधा की मांग करता रहा है।

अत: मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहती हूं कि इस पिछड़े क्षेत्र की जनता को दूरसंचार सुविधा उपलब्ध कराने हेतु डांग क्षेत्र में सैटेलाइट टेलीफोन से मण्डायल क्षेत्र को शीघ्र जोड़ने के लिए निर्देश देने का कट करें।

13.58 hrs